खिलाड़ियों को खेल जौहरियों का इंतजार

प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं : कश्यप

जनधारा समाचार

नारायणपुर । स्कूल शिक्षा मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं जरूरत है तो उन्हें तराशने की। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्य जिलों की तरह नारायणपुर जिले की धरती के बच्चों में कुछ कर दिखाने की क्षमता है। बस्तर संभाग के बच्चों में खेल प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है, उन्हें इंतजार है तो खेल के अच्छे जौहरियों का जो उन्हें तराशकर, चमकाकर खेल जगत में एक अच्छे मुकाम की ओर ले जाये। कश्यप ने कहा कि अब हो दिन आ गया है। इस दौड़ से चयनित होकर बच्चे खेल के मैदान में नया मुकाम हासिल करेंगे और जिले के साथ ही राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से चयनित बच्चों को खेलकिट प्रदान की जायेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री केदार कश्यप जिला मुख्यालय नारायणपुर में इंडिया खिलाड़ियों की खोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तौर पर शामिल हुए। इस दौड़ में जिले के सैकड़ों स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

स्कूल शिक्षा मंत्री केदार कश्यप ने इस बात पर खुशी जताई कि इस दौड़ के लिए नारायणपुर जिले का चयन किया गया है। इंडिया स्पीड स्टार (दौड़ प्रतिस्पर्धा) में चयनित बच्चे राजधानी रायपुर में आयोजित दौड़ में शामिल होंगे। फिर वहां से चयनित होकर देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित दौड़ (प्रतिस्पर्धा) में भाग लेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि दौड़ हेतु निर्धारित आयु वर्ग के बच्चे अपने खेल प्रतिभा और मेहनत के बल पर आगे बढ़ेंगे। कश्यप ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कश्यप ने आयोजन समिति के प्रति आभार प्रकट किया। कश्यप ने रामकृष्ण मिशन परिसर में बनाये गये 'फन क्लास' में जाकर छोटे बच्चों से भी मुलाकात की। इसके साथ ही स्वामी निवास भी गये। वहां मिशन के स्वामियों से चर्चा की। रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी व्याप्तानंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल में असीम संभावनाएं है। जिले के बच्चों में विशेष और कठिन परिस्थितियों में अपने आप को ढालने की इच्छा शक्ति है। उन्होंने बच्चों से कहा कि दौड़ में भाग लेना भी खेल भावना का परिचय है। अधिकारियों ने बताया कि यह दौड़ देश के 115 जिलों में हो रही है। छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में दौड़ का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि दौड़ तीन चरणों में हो रही है। पहला चरण में जिला स्तर से बच्चों का चयन किया जायेगा। द्वितीय चरण में चयनित बच्चे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भाग लेंगे। राजधानी से चयनित होकर बच्चे देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित दौड़ में शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों का चयन दौड़ की टाईमिंग को देखते हुए किया जायेगा। मंत्री केदार कश्यप ने सवेरे 9 बजे इंडिया खिलाड़ियों की खोज कार्यक्रम के तहत बच्चों की दौड़ का झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। उक्त दौड़ का आयोजन भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय और नेषनल युवा कापरेटिव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित था। इस दौड़ का मुख्य उद्देष्य चयनित बच्चों को 2020 एवं 2024 में आयोजित ओलपिंक खेल के लिए तैयार करना है। दौड़ में 11-14 और 15-17 आयु वर्ग के बच्चों के लिए थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी व्याप्तानंद ने की।

'सौभाग्य' योजना के तहत् 24 से 30 नवंबर तक विशेष शिविरों का आयोजन

धमतरी । ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के सभी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विद्युत कनेक्शन सहज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजनाः सौभाग्य योजना' शुरू की गई है। जिले में योजना के तहत् पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने 24 से 30 नवंबर तक धमतरी और नगरी विकासखण्ड में शिविर लगाए जा रहे हैं। कार्यपालन अभियंता, विद्युत विभाग श्री अशोक खण्डेलवाल से मिली जानकारी के मुताबिक इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों को स्थल पर ही औपचारिकताएं पूरी कर फौरन विद्युत कनेक्शन दिया जाएगा। इसके तहत् 24 नवंबर को गट्टासिल्ली, दिनकरपुर, भोथीपार, डोमपदर, रूद्री और बनबगौद में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह 25 नवंबर को दुगली, कोलियारी, रांवा, दलदली, मुरूमतरा, कांटाकुर्रीडीह, 27 नवंबर को गजकन्हार, करैहा, संबलपुर, 28 नवंबर को गुहाननाला, 29 नवंबर को पलारीखार, खैरभर्री और 30 नवंबर को नेगीनाला में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। कार्यपालन अभियंता ने जिले के नागरिकों से शिविरों में उपस्थित होकर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। साथ ही क्षेत्र के जागरूक जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की है, ताकि वे क्षेत्र के विद्युत विहीन घरों में विद्युत कनेक्शन लेने के लिए पात्र हितग्राहियों को प्रेरित करेंगे।

केन्द्रीय अध्ययन दल ने लिया जिले में सूखे की स्थिति का जायजा

तीन सदस्यीय टीम पहुंची ग्राम मोहंदी, कुसुमखूंटा और बिरझुली के खेतों में

जनधारा समाचार

धमतरी । वर्तमान खरीफ सीजन में अल्पवर्षा के चलते जिले के सभी ब्लॉक सूखे की चपेट में हैं। जिले में सूखे की स्थिति का जायजा लेने आज तीन सदस्यीय केंद्रीय अध्ययन दल यहां दौरे पर पहुंचा। दो दिवसीय दौरे के पहले दिन आज दल मगरलोड ब्लॉक के ग्राम मोहंदी, कुसुमखुंटा और बिरझुली पहुंचा, जहां कम बारिश की वजह से खेतों में फसल को हुए नुकसान का आंकलन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों और ग्रामीणों से चर्चा भी की। केन्द्रीय अध्ययन दल में कृषि मंत्रालय के उप आयुक्त डॉ. रामानन्द, वित्त मंत्रालय के उप संचालक श्री आर.के. परमार और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अवर सचिव श्री एस.एन. मिश्रा सहित राज्य शासन की ओर से संयुक्त संचालक कृषि श्री जी.के. निर्माम शामिल थे, साथ में जिले कलेक्टर डॉ. सी.आर. प्रसन्ना भी उपस्थित रहे। यहाँ ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान बताया कि बारिश की कमी के चलते समय पर खेतों की बियासी हो पाई। किसानों ने जंगली जानवरों के खेतों को नुकसान पहुँचने की वजह से केवल यहां धान ही लगाए जाने की बात बताई। मोहंदी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुल 644 जॉब कार्ड और 798 मजदूर पंजीकृत हैं। इनमें से 475 जॉब कार्ड में ग्राम पंचायत स्तर पर काम दिया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में यहां 25 हजार 505 मानव दिवस सृजित हुए हैं। मोहंदी में 54 परिवारों को सौ दिवस का रोजगार दिया गया। अध्ययन दल के ग्राम कुसुमखुंटा पहुँचने पर पता चला कि यहां 94 किसान के 93 में से 80 हेक्टेयर में कम बारिश होने की वजह से फसल नहीं हुई। मौके पर मौजूद किसानों से अध्ययन दल सदस्यों ने विभिन्न विषयों एवं मुद्दों पर चर्चा की। बताया गया कि मनरेगा के तहत 40 लाख रूपए के 27 कार्यों का प्रस्ताव पंचायत से भेजा गया है। इस वित्तीय वर्ष 21 हजार 178 मानव दिवस सृजित कर 22 परिवारों को सौ दिवस का रोजगार मुहैय्या कराया गया। यहाँ 564 पंजीकृत परिवार में 880 मजदूर हैं। इस ग्राम पंचायत में कुल छह आश्रित ग्राम आते हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत बिरझुली के तहत बोदलबहारा, गोबरापठार, पेंडरा, आलेखुंटा और कुसुमखुंटा के ग्रामीण शामिल हैं।

भाजपा शहर मंडल धमतरी में शक्ति केंद्र की हुई बैठक

जनधारा समाचार

धमतरी। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल धमतरी के अन्तर्गत माँ मंदर माई शक्ति केन्द्र की बैठक माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में हुई । जिसमें बैठक प्रभारी जिलामंत्री विजय साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा निर्देशित कार्य को कार्यकर्ताओं के द्वारा निर्धारित अवधि में पूर्ण करने का प्रयास करना चाहिए जिसमें नाम काटने जोड़ने वाल पेंटिग एवं बूथ की समस्त जानकारी जल्द ही शक्ति केंद्र के संयोजक के पास जमा हो जानी चाहिए। मंडल अध्यक्ष शिवदत्त उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि योजनाओ का लाभ प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में ले रहा है प्रत्येक कार्यकर्ता अपना दायित्व समझे योजनाओं को लोगो के बीच रखे। आज भाजपा की ही सरकार है जिसने इतनी सारी योजना आम जन के लिए बनाई है और लोगो को लाभ पहुँचा रही है। बैठक में महापौर अर्चना चौबे, विनोदराव रणसिंग ,महेंद्र पंडित, शरद चौबे, अजित साहू, चंद्रकला पटेल, दिलीप पटेल, शिवनारायण छाटा, हेमंत बंजारे, धनीराम सोनकर ,नील पटेल, दीपक चोपड़ा, गणेश राव, नीलेश राजा, नीलेश लुनिया, नीरज जगताप, जगदीश कुम्भकार, मोहन कौशिक, दिनेश दुबे, कमलेश यादव, धनेश्वर यादव, यादवेंद्र दिवान, कोमल सार्वा, अमित साहू, जानकी सार्वा, सामरी ढीमर, डोल सोनी, विक्रम सोनी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शिक्षाकर्मी आंदोलन पर, बच्चो का समय व्यतीत हो रहा है खेल-कूदकर

धमतरी। शिक्षाकर्मियों के आंदोलन में चले जाने से जहां अध्यापन कार्य बुरी तरह से प्रभावित होकर रह गया है वहीं विद्यालय पहुंचने वाले बच्चो की संख्या में अब धीरे धीरे कमी दर्ज की जा रही है। मध्यान्ह भोजन रसोईयों के आंदोलन में रहने से विद्यालय में जैसे ही भोजन पकाकर पहुंचाया जाता है उपस्थित छात्र-छात्राओं के सहयोग से भोजन बडे बर्तनो में रखे जाने कुछ देर बाद बच्चे बारी बारी से अपना भोजन निकालकर ग्रहण करते है। वहीं एक मात्र प्रधान पाठक के भरोसे 38 दर्ज संख्या में वाले पं.मोतीलाल नेहरू प्राथमिक विद्यालय नयापारा वार्ड धमतरी में पदस्थ दो शिक्षाकर्मियों के आंदोलन में रहने से अधिकांश समय विद्यार्थीगण स्कूल में बैठ व खेलकर अपना समय व्यतीत करते है। गुरूवार को 26 विद्यार्थी विद्यालय पहुंचे थे। सुत्रो ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर अध्यापन कार्य के लिए यहां किसी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था नही की गई है। वहीं जिला शिक्षाधिकारी ने भी शिक्षा सत्र से आरंभ से लेकर आज तक इस विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत नही हो सकें।

भखारा-भठेली में आज से भव्य रामकथा का आयोजन

कुरुद/धमतरी। क्षेत्र के गौरव, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं आयोजन समिति के सरंक्षक अजय चंद्राकर के विशेष सहयोग से भक्तिभाव से परिपूर्ण तीसरा राष्ट्रीय स्तर का वृहद आयोजन कुरुद क्षेत्र के नगर पंचायत भखारा-भठेली में होने जा रहा है। जिसका भव्य शुभारंभ आज सुबह नगर में शोभायात्रा निकालकर किया जाएगा। जहाँ अपनी सुमधुर धुनों में भजन और कथावाचन से देश विदेश के लाखों लोगों को समय समय पर रामकथा का रसपान कराने वाले परम श्रद्धेय अतुल-कृष्ण जी महाराज अमृतमय कथा का रसपान कराएंगे। 24 से 30 नवम्बर तक आयोजित श्रीराम कथा में कथा के प्रथम दिवस नाम एवं गुरु महिमा, शिव पार्वती विवाह द्वितीय दिवस राम जन्मोत्सव, बाललीला, तृतीय दिवस शिक्षा दीक्षा अहिल्या उद्धार चतुर्थ दिवस रामसीता विवाह, परसुराम प्रसंग पंचम दिवस श्रीराम वनवास, केंवट प्रसंग षष्टम दिवस भरत चरित्र, चिंतन, शबरी प्रसंग सप्तम दिवस सुंदरकांड व राजतिलक की कथा कही जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बोलबम सेवा समिति कुरुद, छग रामधुनी महासंघ, महिला कमांडो, फ्रेण्डस क्लब कुरुद, स्वर्णभूमि समरसता मंच, गोल्डन ईगल क्लब, बजरंग दल, श्रीराम सेना, जयराम मेमोरियल, राम लखन मानस परिवार, माँ दंतेश्वरी सेवा समिति एवं नगरवासीगण भखारा-भठेली जुटे हुए है।

तृतीय वन कर्मचारी संघ की हड़ताल खत्म होने का नाम नहीं ले रही

जनधारा समाचार

भानुप्रतापपुर। विगत 1 सप्ताह से प्रारम्भ तृतीय वन कर्मचारी संघ की हड़ताल खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि उच्च अधिकारियों की कार्यप्रणाली से आक्रोशित होकर मांग पूरी न होने तक हड़ताल जारी है वहीँ 24 से बस्तर वृत्त व 27 से प्रदेश स्तरीय क्रमिक भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

पश्चिम वनमंडल कार्यालय भानुप्रतापपुर परिसर में धरना स्थल पर बैठे कर्मचारी संघ से जानकारी लेने पर बताया कि चिंकू ध्रुव सहायक ग्रेड 3 को मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त कांकेर के द्वारा निलंबन आदेश को निरस्त न करते हुए बहाली आदेश जारी करते हुए पूर्व वनमंडल में पदस्थ कर दिया गया है। जो कि हमारी मांग में शामिल नहीं है। हमारे द्वारा त्रिसूत्रीय मांगे रखी गयी है जिनमे डीएफओ का स्थानांतरणए रेंजर का स्थानांतरण एवं निलंबन आदेश को निरस्त करने की मांग है। उच्च अधिकारी द्वारा निचले स्तर के कर्मचारीयो के साथ न्याय संगत व्यवहार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया क्या हम वन विभाग के कर्मचारी नहीं हैघ् मुख्यवन संरक्षक द्वारा एक पक्षीय निर्णय लेते हुए उच्च अधिकारियों को बचाया व संरक्षण दिया जा रहा है जो गलत है।

अब तक पश्चिम वनमंडलाधिकारी राम अवतार दुबे के द्वारा चार से पांच छोटे कर्मचारियों को प्रताड़ित कर निलंबन जैसी कार्यवाहि की जा चुकी है। इससे पहले संतोष साहू पर भी इसी प्रकार की कार्यवाहि की गई थी उस समय हमारा संघ नहीं था किन्तु छोटे कर्मचारियों के साथ न्यायसंगत निर्णय हो इसके लिए ही संघ का निर्माण किया गया है। हड़ताल के चलते वनमण्डल के सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं वहीं इस माह वेतन मिलना भी मुश्किल लग रहा है। इस पूरे आंदोलन को आदिवासी समाज का समर्थन भी मिल रहा है।

नौ सुत्रीय मांगो को लेकर शिक्षाकर्मी आंदोलन पर

जनधारा समाचार

धमतरी । आंदोलनरत शिक्षाकर्मी यदि तीन दिन में अपने अपने कार्यरत स्थल स्कूल नही लौटे तो उनके विरूद्ध बर्खास्तगी की कार्यवाही की जायेगी। इस आश्य से संबंधित समाचार रायपुर हेडलाईन से 23 नवंबर के अंक में प्रकाकशित होने के बाद ज्यादातर शिक्षाकर्मी अपने अपने विद्यालयो में ड्युटी के लिए पहुंच गये है। फलस्वरूप धरना स्थल में कम संख्या में शिक्षाकर्मियों की उपस्थिति गुरूवार को धमतरी में देखने को मिली जहां गांधी चौक धरना स्थल मैदान पर रोजाना की अपेक्षा अत्यंत कम संख्या में शिक्षाकर्मी महिला पुरूष उपस्थित थे। हालांकि संघ के किसी भी जवाबदार पदाधिकारियो ने कुछ भी कहने से इंकार किया है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी ने भी पूरे जिले की स्कूलो में शिक्षाकर्मी की उपस्थिति को लेकर ताजातरीन जानकारी नही दे सकें थे। फिलहार आंदोलन अभी भी जारी है। अपने नौ सुत्रीय लंबित एवं जायज मांगो को लेकर शिक्षक पंचायत नगरीय निकाय मोर्चा छत्तीसगढ़ के आव्हान पर चौथे दिन भी धरना आंदोलन पर गांधी चौक मैदान में डटे रहे। शिक्षक पंचायत नगरीय निकाय सवर्ग ने सोमवार 20 नवंबर से अपने नौ सुत्रीय लंबित मांगो के त्वरित निराकरण किये जाने की मांग को लेकर धमतरी गांधी चौक मैदान पर अनिश्चिकालिन धरना आंदोलन पर है। आंदोलनकारियों की मांग है कि समान कार्य समान वेतन, क्रमोन्नत समयमान वेतनमान, समानुपातिक वेतनमान संरचना, अप्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग का नियमितीकरण, केबिनेट के निर्णय का पालन करते हुए शिक्षक संवर्ग को वरिष्ठता के आधार पर प्राचार्य व प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति, व्याख्याता, पीटीआई शिक्षक, उर्दू की पदोन्नति के लिए प्रावधान बनाकर पद स्वीकृत किया जाए। समग्र वेतनमान में सीपीएस कटौती, ग्रेज्युटी, संवर्ग के लिए खुली स्थानांतरण नीति, टीईटी, डीएड के बिना अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।

भिलाई नगर। दुर्ग शहर विधायक अरूण वोरा के जन्मदिन के शुभ अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केके झा ने आज उन्हें निवास जाकर अपनी शुभकामनाएं दी। श्री झा ने केक खिलाकर श्री वोरा का मुंह मीठा कराया और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। श्री झा ने इस अवसर पर कहा कि विधायक श्री वोरा शहर में एक जनप्रतिनिधि के रूप में हमेशा लोगों के बीच रहते हैं। सुख हो या दुख निष्पक्ष भावना से श्री वोरा ने हमेशा जनहित में ही कार्य किया है।

सड़क हादसे में एनएम की मौत

महासमुंद(आरएनएस)। तुमगांव के ग्राम अछोली में पदस्थ महिला एनएनएम की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना तुमगांव गाड़ाघाट पुल के पास सुबह नौ बजे की है। घटना के बाद फरार आरोपी ट्रक को पटेवा पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी के ट्रक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार महासमुंद निवासी राजेश्वरी चंद्राकर (27) ग्राम अछोली स्थित प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में एनएनएम के पद पद पदस्थ है। प्रतिदिन की भांति गुरुवार को भी वह अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीएन 0739 से ग्राम अछोली जा रही थी। सुबह 9.20 बजे गाड़ाघाट पुल के पास पीछे से आ रहा ट्रक क्रमांक सीजी 06 ए 5944 ने ठोकर मार दिया। स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। स्कूटी में सवार राजेश्वरी को हादसे में गंभीर चोट आने से खून भी अधिक बह गया था। इधर हादसे के बाद ट्रक मौके फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पटेवा पुलिस ने ट्रक को जब्त किया।

जेएनव्ही में प्रवेश चयन परीक्षा 10 फरवरी को

कोरबा (आरएनएस)। नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय छुरी, जिला-कोरबा में सत्र 2018-19 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 10 फरवरी 2018 शनिवार को सभी विकासखंडो में आयोजित होगी। प्राचार्य ने कहा कि इस हेतु पालक यह सुनिश्चित कर ले कि उनका पाल्य/पाल्या जो कि वर्तमान में 2017-18 में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत् हो एवं उसकी जन्मतिथि एक मई 2005 से 30 अप्रेल .2009 तक की हो।

नवविवाहित सीमा आत्महत्या मामला ने पकड़ा तुल

मायके पक्ष ने लगाया पति, सास-ससुर, ननंद पर प्रताड़ना का आरोप

जनधारा समाचार

बालोद। दो महिनें पहलें ग्राम करहीभदर की एक नवविवाहिता द्वारा जहर सेवन कर आत्महत्या किये जाने का मामला ने तुल पकड़ लिया है। मर्ग जांच के दौरान अपनें बयान में मायके वालों ने पतिए सास.ससुर व ननंद पर दहेज कम लानेए चरित्रहीन होने का लांछन लगा प्रताड़ित किये जाने का आरोप लगा सीमा की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

मंगलवार को पुलिस थाना सिटी कोतवाली बालोद पहुंचे मृतिका सीमा सेन के पिता आत्माराम सेनए माँ मालती सेनए दादा खोरबाहरा राम सेनए सुकदेवराम सेन ग्राम पलारी सहित अन्य परिजनों ने मर्ग जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों को अपनें कथन में बताया कि सीमा सेन उम्र 24 वर्ष की शादी सामाजिक रीति.रिवाज के साथ 22 अप्रैल 2014 को ग्राम करहीभदर जिला बालोद निवासी राजकुमार सेन के सुपुत्र चेतन कुमार सेन के साथ हुआ था। शादी के तीन.चार माह हंसी.खुशी बीती। फिर पतिए सास.ससुर व ननंद द्वारा दहेज कम लानेए चरित्रहीन होनेए का लांछन लगा शारीरिक व मानसिक रूप से दबाव डाल प्रताड़ित करते थे। जिससे सीमा काफी परेशान हो गई थी। सामाजिक एवं महिला सेल में समझौता होने के बाद भी सीमा के प्रति उनके ससुराल वालों का व्यवहार अच्छा नही रहा। ताना.बाना एवं दबाव से वह काफी तंग आ गई थी। यहाँ तक कि उनके बच्चों को भी उनसे दूर कर दिया था। जिससे वे काफी तनाव में रहती थी। इसी के चलते अंततरू नवविवाहिता सीमा सेन ने करहीभदर स्थित अपनें ससुराल में 17 सितम्बर 2017 को चूहा मार दवाई का सेवन कर लिया। जिसे सांकरा बंगला के मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनका ठीक से ईलाज नही कराया गया। बल्कि पति चेतन द्वारा उल्टी.दस्त से पीड़ित होने की बात मायके वालों को बता गुमराह करता रहा। यहीं नही घटना के संबंध में किसी को भी जानकारी नही देने की धमकी दिया गया। परिजनों ने यह भी बताया कि उक्त अस्पताल के डॉक्टरों ने भी जहर सेवन की जानकारी पुलिस तक को देना मुनासिब नही समझा। जिससे सीमा द्वारा जहर सेवन करनें की वजह नही बता पाई। उसे देखनें गये माता.पिता द्वारा स्वास्थ में सुधार नही होते देख ससुराल वालों पर दबाव बनाया तब उनके पति एक सप्ताह बाद उसे 24 सितम्बर को बठेना के मसीही अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 25 सितम्बर 2017 की सुबह गंभीर सीमा की मौत हो गई। जिसका धमतरी में कार्यपालिक दण्डाधिकारी की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बाद सीमा के शव को ससुराल पक्ष के सुपुर्द किया गया। इस मामलें में पुलिस ने मर्ग कायम कर डायरी थाना सिटी कोतवाली बालोद को भेजा गया है। लेकिन कार्यवाही कछुआ चाल से चल रहा था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने जांच में अपनी गति लाते हुए ससुराल वालों का बयान दर्ज किया है। जिससे ठंडी पड़ी नवविवाहिता सीमा की आत्महत्या प्रकरण दो महिनें बाद अब तुल पकड़ा है। बहरहाल पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।